राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

डॉ० राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, ब्लॉक–5, जवाहर लाल नेहरू मार्ग,जयपुर–302017
E-mail: rcse.ict@gmail.com

क्रमांक : रामाशिप / जय / ICT / KalaUtsav/2020 / 12778 दिनांक: 8 /7/ 2020

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं ***ऑनलाईन कला उत्सव प्रतियोगिता***
जिला परियोजना समन्वयक,
समग्र शिक्षा अभियान,
समस्त जिले।

विषय :– ऑनलाईन कला उत्सव प्रतियोगिता के संबंध में निर्देश ।

संदर्भ :– स्माईल कार्यक्रम अंतर्गत दिनांक 18–23 जून 2020 तक आयोजित ऑनलाईन कला उत्सव ।

उपरोक्त संदर्भानुसार विषय में लेख है कि विभाग द्वारा डिजीटल इनिशिएटिव स्माईल कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित राजस्थान लोक कला एवं संस्कृति आधारित आमुखीकरण सत्र और कार्यशाला सत्र में विद्यार्थियों को **चारकोल पेंटिंग, राजस्थानी मांडना, फड़ पेंटिंग, पेपर मेशी, कोलाज मेंकिंग, वाटर कलर पेंटिंग** विषयों पर कलाकारी का विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया है। इसी संदर्भ में विद्यार्थियों में कला के प्रति रुचि जागृत करने और सृजनात्मकता के विकास हेतु नए सत्र के शुरुआत में तक पृथ्वीराज फांउडेशन, अजमेर के सहयोग से **कला उत्सव प्रतियोगिता का ऑनलाईन** आयोजन किया जा रहा है। समस्त विद्यार्थी चयनित कलाओं को पुनः सीखने हेतु कार्यशालाओं को bit.ly/KalaUtsav लिंक पर क्लिक कर देख सकते हैं ।

प्रतियोगिता का विवरण निम्नानुसार है :–

- ***प्रतियोगिता अवधि*** *: 09 जुलाई 2020 प्रातः 10 बजे से 12 जुलाई 2020 सांय 5 बजे*
- ***चयनित विषय*** *: 1.चारकोल पेंटिंग 2.राजस्थानी मांडना 3.फड़ पेंटिंग 4.पेपर मेशी 5.कोलाज मेंकिंग 6.वाटर कलर पेंटिंग*

विद्यार्थी एक से अधिक विष्य का चयन कर पृथक पृथक प्रविष्टि दे सकता है । प्रत्येक संभागी विद्यार्थी को अपनी प्रविष्टि की साफ फोटो क्लिक कर निम्न लिंक पर जमा ऑनलाईन सबमिट करनी है । :

https://forms.gle/XQ9yS3BK76Eq5tq1A

श्रेष्ठ प्रविष्टियों को उचित पारितोषिक व मंच प्रदान किया जाएगा । प्रत्येक विद्यालय स्तर पर सूचना प्रेषित करवाते हुए अधिकतम विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करायें।

(एम.आर. बगडिया)
अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक

क्रमांक : रामाशिप / जय / ICT / KalaUtsav/2020 / 12778 दिनांक: 8 /7/ 2020

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. निजी सचिव, आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
2. निजी सहायक, राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
3. निजी सहायक, निदेशक, माध्यमिक शिक्षा विभाग राजस्थान , बीकानेर।
4. अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा अभियान, समस्त जिले।
5. संस्था प्रधान समस्त ।
6. रक्षित पत्रावली।

6. tftro qdr{fr ,

अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक

www.rajteachers.com